## वित्तीय सहायता जानकारी

हम आपकी मेडिकल बिल में मदद कर सकते हैं।
आप वित्तीय सहायता के लिए अर्हता प्राप्त कर सकते हैं

हम ऑफ़र करते हैं:

- पात्र लोगों के लिए फ़्री या कम खर्चीली देखभाल
- ब्याज-रहित, दीर्घकालिक भुगतान योजनाएं
- स्वास्थ्य कवरेज पाने में सहायता

**डिस्काउंट भुगतान और चैरिटी केयर प्रोग्रामों की उपलब्धता, आवेदन कैसे करें, पात्रता की जानकारी और हॉस्पिटल डिस्काउंट भुगतान और चैरिटी केयर नीतियों के बारे में अधिक जानने के लिए यहां विजिट करें:** http://www.providence.org/FinancialHelp?

वित्तीय सहायता पात्रता का निर्धारण विभिन्न मानदंडों का इस्तेमाल कर किया जाता है, जैसे कि आप जहां रहते हैं, आपके परिवार का आकार और आय जैसी बातों को देखते हुए। हमारा कैलकुलेटर (ऊपर वेबसाइट पर उपलब्ध) संभावित पात्रता निर्धारित करने में मदद के लिए इस प्रकार की जानकारी का इस्तेमाल करता है। आपके राज्य और परिवार के आकार के आधार पर, अगर आपकी सकल वार्षिक घरेलू आय फ़ेडरल पॉवर्टी लेवल के 175-400% से कम है, तो आप सहायता के लिए पात्र होंगे।

या QR कोड को स्कैन करें:
[मौजूदा QR कोड शामिल]

## वित्तीय परामर्शदाता से संपर्क करें

पता लगाएं कि आपके लिए कौन से वित्तीय सहायता विकल्प उपलब्ध हैं और हमारी टीम से सहायता लें।
855-229-6466
सोमवार - शुक्रवार, सुबह 7 बजे से शाम 5:30 बजे तक PT

## मूल्य पारदर्शिता

वर्ष 2018 में, Medicare और Medicaid सेंटरों ने अस्पतालों को अपने मानक शुल्कों की सूची ऑनलाइन उपलब्ध कराने का मार्गदर्शन जारी किया। यद्यपि, अस्पताल के शुल्क इस बात की पूरी जानकारी नहीं देते हैं कि रोगी कितना भुगतान करेंगे। हमें उम्मीद है कि आप जेब से खर्च होने वाली लागतों के लिए हमारे सहायक प्राइस एस्टिमेटर का उपयोग कर यहां जाएंगे:
https://www.providence.org/billing-support/price-estimate

खरीदने योग्य सेवाओं की सूची यहां उपलब्ध है https://www.providence.org/billing-support/pricing-transparency

## आपका बिल भरने में सहायता

ऐसे निःशुल्क उपभोक्ता समर्थन संगठन हैं, जो आपको बिलिंग और भुगतान प्रक्रिया को समझने में सहायता करेंगे। ज्यादा जानकारी के लिए आप 888-804-3536 पर हेल्थ कंज्यूमर अलाएंस को कॉल कर सकते हैं या healthconsumer.org पर जा सकते हैं।

प्रोविडेंस के वित्तीय सहायता प्रोग्रामों के अलावा, देखभाल की लागत को कम करने और उसे समाप्त करने में सहायता के लिए अन्य विकल्प भी उपलब्ध हैं। हम Medicare, Medicaid और Covered California व Medi-Cal प्रकल्पित पात्रता जैसे अन्य प्रोग्रामों के लिए आवेदन करने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

## अस्पताल बिल शिकायत प्रोग्राम

अस्पताल बिल शिकायत प्रोग्राम एक राज्य प्रोग्राम है, जो अस्पताल के निर्णयों की समीक्षा करता है कि क्या आप अपने अस्पताल बिल का भुगतान करने में सहायता पाने के लिए योग्य हैं। अगर आपको लगता है कि आपको गलत तरीके से वित्तीय सहायता से दूर करकिया गया है, तो आप अस्पताल बिल शिकायत प्रोग्राम में शिकायत दर्ज़ करा सकते हैं। अधिक जानकारी और शिकायत दर्ज करने के लिए HospitalBillComplaintProgram.hcai.ca.gov पर विज़िट करें।

## अनुवाद और ऐक्सेस किए जाने योग्य फ़ॉर्मैट्स

ध्यान दें: अगर आपको अपनी भाषा में सहायता पानी है, तो कृपया 1-888-311-9127 पर कॉल करें या अपने नज़दीकी प्रोविडेंस अस्पताल क्लिनिक पर जाएं। ऑफ़िस सुबह 8:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक खुला रहता है और फ़ाइनेंशियल काउंसलिंग ऑफ़िस में स्थित है। विकलांग लोगों के लिए सहायता और सेवाएं, जैसे ब्रेल, बड़े प्रिंट, ऑडियो और अन्य ऐक्सेस किए जाने योग्य इलेक्ट्रॉनिक फ़ॉर्मैट्स में दस्तावेज़ भी उपलब्ध हैं। ये सेवाएं फ़्री हैं। अनुदित दस्तावेज़ों की कॉपी www.providence.org/financialhelp पर पाई जा सकती हैं।